महत्वपूर्ण एवं खास

बनिया में घूम रहे 20 हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। यहां के बनिया गांव में 20 हाथियों का दल घूम रहा है जो जंगल के कक्ष क्रमांक पी 210 एवं 211 में बने हुए हैं। आज हाथियों के इस दल को यहां ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं।

रायपुर पुलिस पूरे एक्शन में,168 बदमाशों को भेजा जेल

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने बीती रात पूरे एक्शन में नजर आई। दरअसल बीते तीन दिनों में चाकूबाजी की घटनाएं और बैजनाथपारा में हुए मर्डर की वजह से पूरा पुलिस अमला बेहद सख्त अंदाज में अपराधियों के खिलाफ सडक़ पर उतरा। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने कॉम्बिंग गश्त (बदमाशों के अड्डों पर अचानक रेड, जांच) का प्लान बनाया। शहर के थानों से बेस्ट कॉप्स को साथ लिया। टीम में एएसपी और डीएसपी स्तर के 500 अफसर और कर्मचारी थे। मंगलवार रात में खुद एसएसपी प्रशांत अग्रवाल पूरी फोर्स लेकर शहर के उन इलाकों में पैदल निकल पड़े जहां बदमाशों, गांजे का नशा करने वाले, जुआं खेलने वालों का जमावड़ा होता है। पुलिस के इस रौद्र अंदाज को देखकर पुराने बदमाशों में अफरा-तफरी थी। अफसरों ने तंग गलियों में भागकर, घरों के भीतर घुसकर इन अपराधियों को पकड़ा। इनसे पूछताछ करके तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस को 16 बदमाशों के पास से चाकू मिले, 148 संदिग्धों पर प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई, कुछ अवैध शराब और जुआ के मामले में पकड़ा गया। कुल 168 अपराधियों को पकडक़र पुलिस रात तक बसों के जरिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर जेल भेजती रही।

चाकू लहराते 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। चाकू के साथ 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक थाना पण्डरी को सूचना प्राप्त हुई कि अम्बुजा मॉल के सामने, शमशान घाट ख्परा भटठी, एकता चौक दलदलसिवनी में 3 युवक हाथो में चाकू रखकर लहरा रहा है तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ मुखबीर द्वारा बताये गये स्थानो पर रवाना होकर चिन्हित व्यक्तिो को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना नाम 01 मोहन सोनी पिता डमरू सोनी 26 वर्ष साकिन बीएसयूपी कालोनी सड्डू थाना विधानसभ रायपुर 02 अरविंद कंवर पिता जवाहर लाल 22 वर्ष साकिन डब्लूआरएस कालोनी रेल्वे स्टेशन के पास खमतराई रायपुर 03 करण यादव उर्फ प्रमोद पिता संतोष् यादव 19 वर्ष साकिन दलदलसिवनी रायपुर का होना बताया। आरोपियो के कब्जे से 03 नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपियो को गिरफतार कर आरोपियो के विरूध्द थाना पण्डरी में क्रमश: अपराध क्रमांक 46/22, 47/22, 48/22 धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

आंगनबाड़ी बंद पाए जाने पर सुपरवाइजर निलंबित

जगदलपुर (आरएनएस)। परपा के सडक़पारा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र को निर्धारित समय के दौरान बंद पाए जाने के कारण तोकापाल सेक्टर की सुपरवाईजर को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा की बैठक के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिपं सीईओ रोहित व्यास द्वारा परपा के सडक़पारा आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय में बंद पाये जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सेक्टर सुपरवाईजर मंगली दास को तत्काल निलंबित करने कहा।

गौठानों के पास की रिक्त भूमि पर उन्नत तकनीक के साथ महिला समूह करेंगे सब्जी की खेती

❖ **मंथन कक्ष में जिला पंचायत सीइओ ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश**

बैकुण्ठपुर (आरएनएस)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देषानुसार ग्राम गोठानों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाते हुए ऐसी गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे वहां कार्यरत महिला समूहों को एक सुनिष्चित आय नियमित रूप से प्राप्त हो सके। स्व सहायता समूहों को बेहतर स्वरोजगार से जोडऩे के लिए खेती की उन्नत तकनीक के साथ ग्राम गौठानों में समूह की महिलाओं को सब्जी की खेती से जोड़ा जाएगा। उद्यान विभाग की योजनाओं के साथ समन्वय करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन की टीम इस कार्य में समूह की महिलाओं की मदद करेगी। सुराजी ग्राम योजना अंतर्गत सामुदायिक बाड़ी के तहत पानी की पर्याप्त उपलब्धता वाले ग्राम गोठानों के समीप पड़ी रिक्त भूमि पर उद्यान विभाग के सहयोग से उन्नत तकनीकों के साथ सब्जी की खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देषित करते हुए जिला पंचायत के सीइओ कुणाल दुदावत ने बैठक में उपस्थित आजीविका मिषन के जिला प्रबंधक को इस गतिविधि के क्रियान्वयन के लिए एक सप्ताह में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुतिकरण देने के निर्देष दिए।

जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि इसके बाद सभी विकासखण्डों में संबंधितों को आवष्यक प्रषिक्षण प्रदान कराया जाए। ताकि फरवरी माह के अंत तक सभी ग्राम गौठानों में समूहों की आजीविका संबंधी कम से कम पांच गतिविधियों को व्यवसायिक स्वरूप प्रदान किया जा सके।

मंगलवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में जिला पंचायत सीइओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ कृषि संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठान में स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट की नियमित छनाई और पैकिंग कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसी गौठानों में बन रहे बकरी, मुर्गी और मशरूम शेड का कार्य फरवरी अंत तक अवश्य पूरा करें। साथ ही इसकी गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दें। आजीविका मिषन की टीम को इन सभी केंद्रों में संचालित होने वाले गतिविधियों के लिए समूह के चिन्हाकन और उनके उन्मुखीकरण की कार्यवाही आगामी सप्ताह में पूरा कराने के निर्देष दिए। विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा के लिए स्वीकृत हुए अहाता निर्माण कार्य और विद्यालयों की मरम्मत कार्यों के प्राक्कलन तीन दिवस में उपलब्ध कराने निर्देष देते हुए उन्होने सभी जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों से कहा कि अपने भ्रमण के दौरान वह आंगनबाड़ी और विद्यालयों का भी सतत निरीक्षण करें ताकि छोटी मोटी समस्याओं का चिंहाकन और त्वरित निराकरण हो सके। उन्होने सभी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देषित करते हुए कहा कि मनरेगा के पंजीकृत श्रमिकों और वनाधिकार पत्रकधारियों को व्यक्तिगत कार्य के तहत स्वीकृत होने वाले डबरी को जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा के निर्देषानुसार बड़े आकार में बनाना प्रस्तावित करें ताकि उनमें मछलीपालन को बढ़ावा दिया जा सके।

जिला पंचायत सीइओ ने समीक्षा के दौरान वन विभाग के अधिकारियों को सभी वनधन केंद्रों में वनोपज उत्पाद निर्माण की गतिविधियों को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने के निर्देष दिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को उन्होने लंबित कार्यों को वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा करने तथा प्रत्येक एफआरए साइट पर आवष्यकता अनुसार मत्स्यपालन डबरी के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देष दिए।

बैंक से रुपये निकाल कर लौट रहे बुजूर्ग से 40 हजार की उठाइगीरी

कोरबा (आरएनएस)। एक बार फिर उठाइगीर सिर उठाने लगे हैं। बैंक से रुपये निकलवा कर सायकल में घर लौट रहे एक बुजूर्ग के साईकिल के हैंडल में लटके थैले से 40 हजार नगद की उठाईगिरी कर बदमाश फरार हो गए। बाइक में पहुंचे दो बदमाश सीसीटीवी कैमरे में उठाईगिरी करते कैद हो गए हैं। एक बदमाश हेलमेट लगा रखा है, तो दूसरा मास्क पहना हुआ है।

जानकारी के अनुसार बाल्को कालोनी में संचालित का.आपरेटिव बैंक में मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे नेहरू नगर निवासी असीम कुमार चंद्रा 68 वर्ष रूपये निकालने पहुंचे। 49 हजार रुपये बैंक से निकालने के बाद उन्होंने नौ हजार जेब में रख लिया और 40 हजार को थैले में डाल अपने साईकिल की हैंडल में लटका दिया।

बैंक से निकल कर बुजूर्ग सिविक सेंटर शापिंग कांप्लेक्स में संचालित एक होटल के पीछे साईकिल खड़ा कर किराना दुकान में सामान खरीदने चले गए। इस दौरान करीब पौने बारह बजे बाइक में सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और झोला में रखे 40 हजार नगद निकाल कर रफूचक्कर हो गए। दुकान से वापस लौटने पर बुजूर्ग ने देखा कि झोले से रूपये गायब है। उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देते हुए बाल्को थाना में भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला तो दो बदमाश झोला से रूपये निकालते नजर आए। एक बदमाश गाड़ी में ही हेलमेट लगा कर बैठा रहा और दूसरा उतर कर झोले से रूपये निकाला। दूसरा बदमाश मास्क पहना था। पुलिस का मानना है कि आरोपित बाहर के हैं और बैंक के आसपास ही अपना शिकार ढूंढ रहे थे। रेकी करते हुए सिविक सेंटर तक पहुंचे और जैसे ही मौका मिला, हाथ साफ कर दिए। पुलिस का यह भी दावा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही बदमाशों तक पहुंच जाएंगे। बहरहाल पीड़ित की रिपोर्ट पर उठाईगिरी का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। सीसीटीवी से बाइक का नंबर देखने का प्रयास किया जा रहा। इसके अलावा साइबर सेल भी मदद ली जा रही, ताकि पता चल सके कि घटना के वक्त उस लोकेशन में कितने मोबाइल एक्टीवेट थे और उनमें संदिग्ध कौन सा है।

बैंक के अंदर उठाईगिर काम के बहाने से मंडराते रहते हैं और उनकी निगाह रूपये निकालने वालों पर टिकी रहती है। खास कर बदमाश बुजूर्ग, महिला व कमजोर लोगों को अपना निशाना बनाते हैं क्योंकि इन्हें शिकार बनाना आसान होता है। इस तरह की वारदात होने के बाद पुलिस सिविल ड्रेस कुछ दिन तो बैंक में सक्रिय उठाईगिरों की निगरानी तो करती है, पर मामला ठंडा पड़ते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। उठाईगिरों को भी इसी वक्त का इंतजार रहता है, ताकि फिर से वे अपना काम कर सकें।

इंजीनियर की खून से लथपथ लाश मिलने से गांव में पसरा सन्नाटा

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर जिले के बलौदा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक इंजीनियर की खून से लथपथ लाश मिली है। उसका शव गांव के ही खेत में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि धारदार हथियार से छात्र को मारा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची गई है। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुला लिया गया है। हालांकि अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है। जानकारी के मुताबिक, भिलाई गांव निवासी राजेश देवांगन 26 वर्ष पुत्र भीम देवांगन इंजीनियर था। वह दोपहर को घर से निकला था, लेकिन शाम तक नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाश करने निकले। फिर भी उसका कुछ पता नहीं चला। इस बीच ग्रामीणों ने सुबह खेत में युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। उसकी खून से लथपथ लाश पैरा के नीचे दबी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो शव की शिनाख्त हुई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच जारी है।

ग्रामीणों ने नारायणपुर-अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर किया चक्काजाम

❖ **कांकेर जिले से नारायणपुर जिले में शामिल करने की है मांग**

नारायणपुर (आरएनएस)। कांकेर जिले में शामिल 14 ग्राम पंचायत के के 58 गांव के ग्रामीण 15 वर्ष से विभिन्न माध्यमों से नारायणपुर जिले में शामिल करने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन ग्रामीणों की मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर ग्रामीणों ने नारायणपुर-अंतागढ़ मुख्य मार्ग में दो दिवसीय चक्का जाम कर दिया, इसके साथ ही सरकार द्वारा उनकी मांग पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेने के कारण 14 ग्राम पंचायत के सरपंच अपने पद से सामूहिक रूप से इस्तीफा देंने की बात कही गई, है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर जिले 2007 में पृथक होकर नारायणपुर जिला अस्तित्व में आया, इससे नारायणपुर जिले के अस्तित्व में आने के बाद से कांकेर जिले के सीमावर्ती इलाके में बसे कोलर एवं बंडपाल क्षेत्र की करीब 14 ग्राम पंचायत के 58 गांव नारायणपुर जिले में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण इससे पहले कोलर मंडवा चौक में करीब 45 दिनों तक धरना प्रदर्शन करने के बाद पैदल प्रदेश की राजधानी रायपुर की ओर रुख किया था। ग्रामीणों ने राज्यपाल अनसुईया उईके के साथ मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई थी इस पर राज्यपाल ने 02 माह में उनकी मांग पर पहल होने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया था, लेकिन साढ़े तीन माह बितने के बावजूद ग्रामीणों की मांग पर कोई पहल होता नजर नहीं आ रही है।

कैम्पा: वनवासियों के आस्था का केन्द्र देवगुडिय़ों का तेजी से हो रहा विकास तथा सौन्दर्यीकरण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा राज्य के सुदूर वनांचल में वनवासियों के आस्था का केन्द्र ''देवगुडिय़ों'' का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य तेजी से जारी है। इस तारतम्य में बीजापुर वन मंडल अंतर्गत वर्ष 2018-19 में 2020-21 तक 63 देवगुडिय़ों में संरक्षण एवं संवर्धन कार्य अंतर्गत उनके बाउण्ड्रीवॉल तथा चैनलिंक फैंसिंग इत्यादि का कार्य कराया गया।

इस संबंध में मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर मोहम्मद शाहिद ने जानकारी दी कि इनके विकास कार्य के लिए कैम्पा (छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) के तहत 2 करोड़ 82 लाख रूपए की राशि स्वीकृत थी। देवगुडिय़ों के संरक्षण एवं संवर्धन से स्थानीय वनवासियों के विश्वास तथा आस्था को मजबूती मिली है। जिससे स्थानीय वनवासी आज वन विभाग को अवैध कटाई, अतिक्रमण पर रोकथाम सहित अग्नि सुरक्षा आदि के कार्यों में वनों के विकास के लिए परस्पर सहयोग प्रदान करने में जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि बीजापुर वन मंडल जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। यहां पर निवासरत जनजातियों में विभिन्न प्रकार की स्थानीय मान्यताओं के साथ-साथ कई देवी-देवताओं का पूजन किया जाता है। इन देवी-देवताओं के पूजा स्थल सुदूर वन क्षेत्र में स्थित है। जिसे वे पवित्र स्थल के रूप में मानते हैं तथा वहां किसी प्रकार की अवैध कटाई, अतिक्रमण अन्य निषिद्ध कार्य को नहीं करते हैं। इन स्थलों पर बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहता है। इन स्थलों पर उनकी मनोभावनाएं जुड़ी रहती है। राज्य सरकार की मंशानुसार स्थानीय ग्रामीणों तथा वनवासियों के इन मान्यताओं को बनाए रखने हेतु देवगुडिय़ों का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कराया जा रहा है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 11 गांवों के प्रत्येक परिवार को मिला आयुष्मान कार्ड

रायपुर (आरएनएस)। गंभीर बीमारियों में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए इलाज का खर्च वहन करना मुश्किल होता है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित दुर्गम इलाकों में पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की टीम हर अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा की पहुंच बनाने में जुटी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि 11 गांवों के प्रत्येक परिवार के सदस्यों का हेल्थ आई.डी. कार्ड बनाया जा चुका है। हेल्थ कार्ड के जरिए अब ग्रामीण डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना सहित अन्य स्वास्थगत योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत शासकीय या निजी अस्पतालों में पात्रतानुसार नि:शुल्क उपचार की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दीपेश दीवान ने बताया कि सुकमा विकासखण्ड से कोसाबन्दर, छिन्दगढ़ के गांवों बड़ेगुरबे, भण्डाररास, बोदारास, चिपुरपाल, छोटेगुरबे, चूआपाल और कोण्टा विकासखण्ड के 4 गांवों रामाराम, सिंगनमडगु, वेंकटपाल और वेंकटपुरम ग्राम में 100 प्रतिशत परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इसके साथ ही सुकमा के 6, छिन्दगढ़ के 14 और कोण्टा के 1 गांव में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बना दिया गया है।

कैंसर, हदय रोग, बच्चों के दिल की गंभीर बीमारी एवं अन्य जटिल रोगों के उपचार में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए एवं अन्य राशन कार्ड धारी परिवारों को 50 हजार तक की चिकित्सा सुविधा राज्य के किसी भी पंजीकृत निजी एवं शासकीय चिकित्सालय में प्रदान की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को राज्य स्तर तथा प्रदेश के बाहर स्थित तथा योजनांतर्गत पंजीकृत सुपर स्पेशिलिटी एवं मल्टी स्पेशिलिटी चिकित्सालयों में अधिकतम 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि हेल्थ कार्ड के जरिए कई तरह की बीमारियों की स्क्रीनिंग को शामिल किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बस्तर का ढोकरा मैटल क्राफ्ट मिलेगा लाखों एमेज़ॉन ग्राहकों को

❖ **एमेज़ॉन डॉटइन पर 'इंडिया ओडोप बाजार' लॉन्च**

बीजापुर (आरएनएस)। यह स्टोर फ्रंट सैकड़ों अद्वितीय स्थानीय ओडोप उत्पादों की ज्यादा दृश्यता प्रदान करेगा। इसमें भारत के 28 राज्यों से हजारों सेलर्स अपने उत्पाद भारत में लाखों एमेज़ॉन ग्राहकों को प्रस्तुत करेंगे।

ओडोप अभियान का उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास करने के भारत के प्रधानमंत्री के उद्देश्य में सहयोग करना है। इससे देश के हर जिले की क्षमता का उपयोग कर एमएसएमई सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। यह मंच छोटे कारीगरों को विशाल बाजार की पहुंच और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्राप्त करने का अवसर देगा।

ग्राहक लखनऊ, उत्तर प्रदेश की चिकनकारी, बस्तर छत्तीसगढ़ का ढोकरा मैटल क्राफ्ट, चिकमगलुरू, कर्नाटक की कॉफी, संबलपुर -ओडिशा की संबल पुरीइकत, सहयाद्री, महाराष्ट्र की वरली पेंटिंग; कोकराझार, असम का मूगा सिल्क और ऐसे ही अनेक अद्वितीय उत्पाद इस स्टोर फ्रंट से खरीद सकेंगे।

एमेज़ॉन इंडिया ने एमेज़ॉन डॉटइन पर इंडिया ओडोप (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) बाजार के लॉन्च के लिए इन्वेस्ट इंडिया और इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) के साथ सहयोग की घोषणा की। इस समर्पित स्टोर फ्रंट का लोकार्पण एमएसएमई मंत्री, भारत सरकार, नारायण राणे ने एक वर्चुअल समारोह में दीपक बागला, एमडी एवं सीईओ, इन्वेस्ट इंडिया; अशोक कुमार अग्रवाल, प्रेसिडेंट, आईआईए और मनीष तिवारी,कंट्री मैनेजर,इंडिया कंज़्यूमर बिजनेस, एमेज़ॉन इंडिया की मौजूदगी में किया।

इस स्टोर फ्रंट में भारत के विक्रेताओं द्वारा अद्वितीय स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इंडिया ओडोप बाजार में सभी भारतीय राज्यों के स्थानीय व्यवसायों के सैकड़ों ओडोप और जियो ग्रैफिकल इंडीकेशन (जीआई) उत्पाद मिलेंगे। इन्वेस्ट इंडिया और आईआईए के साथ इस गठबंधन द्वारा, एमेज़ॉन अपने इंडिया मार्केट प्लेस, एमेज़ॉन डॉटइन पर क्षेत्रीय उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को जोडऩे व लॉन्च करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है। यह स्टोर फ्रंट भारत में स्थानीय भारतीय कारीगरों द्वारा निर्मित हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट और स्थानीय रूप पर उगाए जाने वाले कृषि उत्पादों पर विशेष फोकस करेगा।